विधानसभा / महत्वपूर्ण

# संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

(Telephone-0771-2511974, mail id- dirfood.cg@gov.in, website- https://fcs.cg.gov.in/)

क्रमांक 75 / संचा.–वि.स. / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 01 / 07 / 2025

प्रति,

**कलेक्टर,**
जिला–महासमुंद
छत्तीसगढ़

**विषय :–विधानसभा प्रश्न क्रमांक 936 अतारांकित द्वारा श्रीमती चातुरी नन्द, विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 936 **अतारांकित** की प्रति संलग्न है।

**उपरोक्त विधानसभा प्रश्न** का उत्तर **'यूनिकोड फॉन्ट'** में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 03.07.2025 तक** ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें।

**(विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड कर सकते है)।**

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 76 / संचा.–वि.स. / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 01 / 07 / 2025

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य अधिकारी, जिला– महासमुंद, छत्तीसगढ़ की ओर प्रेषित कर, आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **11/07/2025**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **18/07/2025** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में नवीन राशनकार्ड की स्वीकृति**

( **अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **936** ) **श्रीमतीचातुरी नन्द**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) राज्य में कितने प्रकार के राशन कार्ड बनाए जाते है और नवीन राशन कार्ड बनाने के क्या प्रावधान हैं ? कार्ड की श्रेणीवार जानकारी दें? (ख) वर्ष 2023-24 से लेकर दिनांक जून, 2025 तक सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में नवीन राशनकार्ड बनवाने के कितने आवेदन पाए गए हैं ? कितने आवेदको को नवीन राशनकार्ड दिए गए हैं और कितने आवेदन किन कारणों से लंबित है ? जानकारी दें। (ग) क्या राशनकार्ड बनवाने के एवज में पैसे लेने की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है ? शिकायतकर्ता, कर्मचारी के नाम सहित जानकारी दें?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 01/07/2025 11:26:02 |

**Remark :**

कलेक्टर महासमुंद